भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1333
उत्तर देने की तारीख 27 जुलाई, 2026
5 श्रावण, 1948 (शक)

खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025

1333. श्री सुदामा प्रसादः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने बिहार में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के समापन के बाद कोई आकलन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) यदि हां, तो पिछले पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान जिला-वार सृजित या उन्नत किए गए खेल अवसंरचना का तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) इस आयोजन के लिए सरकार द्वारा किया गया कुल व्यय कितना है और बिहार सरकार को कितनी राशि जारी की गई तथा विभिन्न खंडों के अनुसार हुए व्यय का ब्यौरा क्या है; और

(घ) इन खेलों के बाद खेलो इंडिया प्रतिभा पहचान और विकास कार्यक्रम के अंतर्गत बिहार के कितने एथलीटों की पहचान की गई है और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) इस मंत्रालय द्वारा बिहार में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 2025 के आयोजन के उपरांत कोई आयोजन-पश्चात मूल्यांकन नहीं किया गया है।

(ख) खेलो इंडिया स्कीम तथा राष्ट्रीय खेल विकास निधि (एनएसएफडी) के अंतर्गत बिहार राज्य सहित पूरे देश में स्वीकृत खेल अवसंरचना परियोजनाओं, उनकी स्वीकृत लागत, जारी की गई धनराशि तथा उनकी भौतिक एवं वित्तीय प्रगति का विवरण मंत्रालय के डैशबोर्ड https://mdsd.kheloindia.gov.in और http://www.nsdf.yas.gov.in/nsdf-glance.html पर पब्लिक डोमेन पर उपलब्ध है।

(ग) इस मंत्रालय ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स (केआईवाईजी) 2025 के आयोजन हेतु ₹44.18 करोड़ की राशि स्वीकृत की। कुल स्वीकृत राशि में से ₹19.22 करोड़ मेजबान राज्य बिहार को आवंटित किए गए, जिनका उपयोग खेलों के आयोजन के लिए किया गया। मेजबान राज्य (बिहार) द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, आवंटित ₹19.22 करोड़ की राशि का उपयोग निम्नलिखित मदों में किया गया: समारोह, प्रतियोगिता स्थलों का संचालन, मेजबान शहर की गतिविधियाँ, प्रतियोगिता स्थलों की अस्थायी संरचनाएँ, खेल प्रस्तुतीकरण, दर्शक सहभागिता, राज्य/विश्वविद्यालय समन्वय, प्रतियोगिता स्थल ब्रांडिंग, डिज़ाइन एजेंसी, मीडिया संचालन, आईसीटी उपकरण, निमंत्रण, स्टेशनरी एवं प्रचार सामग्री, स्वयंसेवकों की ब्रीफिंग, और खेलोपरांत संचालन तथा प्रत्यायन।

(घ) खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत, बिहार में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स के माध्यम से कुल 530 एथलीटों की पहचान की गई। इसके अतिरिक्त, बिहार राज्य से खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत कुल 19 एथलीटों शामिल हैं।

*****